**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1 EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI(085)**

Class : IX | Duration: **3 Hrs**
Date : 03.09.2025 | Max. Marks: **80**
Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 17 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

(खंड क अपठित गद्यांश)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए। 7

वास्तव में नीलकंठ मर गया था ।क्यों का उत्तर तो अब तक नहीं मिल सका है। ना उससे कोई बीमारी हुई ना उसके रंग बिरंगे फूलों के सावन जैसे शरीर पर किसी चोट का चिन्ह मिला। मैं अपने शॉल में लपेटकर उसे संगम ली गई ।जब गंगा की बीच धार में उसे प्रवाहित किया गया तब उसके पंखों की चंद्रिकाओं से विंबित प्रतिबिंबित होकर गंगा का चौड़ा पाठ एक विशाल मयूर के समान तरंगित हो उठा। उसके ना रहने पर राधा तो निश्चित सी कई दिन कोने में बैठी रही ।वह कई बार भाग कर लौट आया था । वह प्रतीक्षा के भाव से द्वार पर दृष्टि लगाए रहती थी पर कुब्जा ने कोलाहल के साथ खोज ढूंढ आरंभ की। वह प्राय आम ,अशोक, कचनार आदि की शाखों में नीलकंठ को ढूंढती रहती थी। एक दिन वह आम से उतरी ही थी कि कजली अल्सेशियन कुतिया सामने पड़ गई ।स्वभाव अनुसार उसने कजली पर भी चोच से प्रहार किया। परिणामतः कजली के दो दांत उसकी गर्दन पर लग गए ।इस बार उसका कोलाहल और द्वेष प्रेम भरा जीवन बचाया न जा सका परंतु इन तीन पक्षियों ने मुझे पक्षी प्रकृति की विभिन्नता का जो परिचय दिया है। वह मेरे लिए विशेष महत्व रखता है।

1 किसकी मृत्यु हो गई थी?
- क राधा की
- ख कजली की
- ग नीलकंठ की
- घ अशोक की

2 निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

कथन A : कुब्जा प्राय आम अशोक कचनार आदि की शाखों में नीलकंठ को ढूंढती रहती थी ।

कारण R : नीलकंठ प्रवास कर अपने झुंड के साथ अन्यत्र चला गया था।

क कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।

ख कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है ।

ग कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है ।

घ कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

3 कजली के दो दांत किसकी गर्दन पर लग गए?

क राधा की

ख नीलकंठ की

ग कुब्जा की

घ लेखिका की

4 नीलकंठ को कौन ढूंढती रहती थी और कहां-कहां?

5 जब गंगा की बीच धार में नीलकंठ को प्रवाहित किया गया तब कैसा दृश्य उपस्थित हो गया?

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। 7

कन्या पूजन का दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी या नवमी को पूरे उत्तर भारत में धूमधाम से मनाया जाता है ।कहने और सुनने में तो यह बहुत अच्छा लगता है कि हमारे देश में कन्याओं का इतना अधिक मान सम्मान है कि उनकी पूजा तक की जाती है ।इस दिन बाकायदा उनके पैर धुलवा कर तिलक लगाकर हलवा पूरी खिलाए जाते हैं और भेंट स्वरूप बहुत कुछ दिया जाता है जैसे पैसे चूड़ियां चुन्नी आदि परंतु ऐसी पूजा या पाव से लड़कियों की सामाजिक अथवा वैयक्तिक स्थिति में कोई अंतर नहीं पड़ता उनकी स्थिति अधिकतर घर परिवार तथा समाज में पुरुषों की तुलना में निम्नतर ही रहती है ।परिवार यदि साधनहीन हो तो अधिक बुद्धिमान होने पर भी बेटे की अपेक्षा बेटी की पढ़ाई बंद कर दी जाती है अथवा उसे किसी अन्य बलिदान की आशा की जाती है ।यह भी संभव है कि यदि उसकी मां लोगों के घरों में सफाई बर्तन आदि का काम करती है तो मदद के लिए वह उसके साथ इन कामों में लगा दी जाए अथवा घर पर रहकर छोटे भाई बहनों की देखभाल एवं अन्य काम करने लगे ।घर के पुरुष सदस्य अपनी कुंठा निकालने के लिए जब चाहे उसे मारपीट भी कर सकते हैं ।इस पर भी उससे चुप रहने की अपेक्षा की जाती है क्योंकि मिट्टी की मूर्ति की तरह उसकी पूजा वर्ष में एक दो बार कर दी जाती है।

1 कन्या पूजन की परंपरा से लड़कियों की कौन सी स्थिति में परिवर्तन आता है?

क व्यक्तिक स्थिति

ख सामाजिक स्थिति

ग पारिवारिक स्थिति

घ इनमें से कोई नहीं

2 निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यान पूर्वक पढ़कर सही विकल्पों का चयन कीजिए ।

कथन A कन्या पूजन से लड़कियों की सामाजिक अथवा वैयक्तिक स्थिति में परिवर्तन देखने को मिलता है।

कारण R कन्या पूजन समस्त उत्तर भारत में धूमधाम से मनाया जाता है।

क कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।

ख कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है ।

ग कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है ।

घ कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

3 समाज में स्त्रियों की स्थिति कैसी प्रतीत होती है?

क) एक सम्मानित मनुष्य की तरह

ख) एक प्रभावशाली प्राणी की तरह

ग ) मिट्टी की मूर्ति की तरह

घ ) एक देवी की तरह

4 प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार कन्या पूजन की विधि क्या है?

5 कन्याओं को उपहार स्वरूप क्या-क्या दिया जाता है?

(खंड ख व्यावहारिक व्याकरण)

3 शब्द और पद पर आधारित किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2

1 शब्द को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

2 मीना ने <u>पुस्तक</u> ली। रेखांकित पद का व्याकरणिक नाम लिखिए।

3 विशेषण पद का उदाहरण दीजिए।

4 अनुस्वार तथा अनुनासिक पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2

1 अनुस्वार किस व्यंजन के रूप में उच्चरित होता है?

2 ण वर्ण कौन से वर्ग का पंचम वर्ण है?

3 कटक में सही जगह पर अनुस्वार लगाइए।

5 उपसर्ग तथा प्रत्यय पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 4

1 पुत्र में उचित उपसर्ग का प्रयोग कीजिए।

2 राष्ट्रपति ओबामा की सुरक्षा व्यवस्था का उत्तरदायित्व पुलिस पर था । उपसर्ग युक्त शब्द को चुनकर लिखिए।

3 औद्योगिक शब्द के प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए ।

4 मेरी मां हमेशा चिंतित रहती है। प्रत्यय युक्त शब्द को चुनकर लिखिए।

5 उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर लिखिए।

6 अर्थ के आधार पर वाक्य भेद निम्न में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3

1 अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

2 विस्मय वाचक वाक्य किसे कहते हैं उदाहरण सहित लिखिए।

3 शायद यह कपड़े लॉन्ड्री पर कल तक धुल जाएंगे।अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद

लिखिए।

4 संदेह वाचक तथा संकेत वाचक वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

7 संधि पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3

1 महोदय का संधि विच्छेद कीजिए

2 स्वर संधि से क्या तात्पर्य है?

3 पर+उपकार का संधि कीजिए।

4 यण संधि का उदाहरण दीजिए।

5 वार्षिकोत्सव का संधि विच्छेद कीजिए।

8 विराम चिन्ह पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए। 2

1 भाषा में विराम चिन्ह का क्या महत्व है?

2 राधा बोली मेरा गांव दूर है ( वाक्य में उचित स्थान पर विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए।)

3 पूर्णविराम तथा अर्धविराम में अंतर स्पष्ट कीजिए।

खंड ग ( पाठ्य पुस्तक)

9 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5

बेस कैंप में पहुंचने से पहले हमें एक और मृत्यु की खबर मिली ।जलवायु अनुकूल न होने के कारण एक रसोई सहायक की मृत्यु हो गई थी ।निश्चित रूप से हम आशाजनक स्थिति में नहीं चल रहे थे ।एवरेस्ट शिखर को मैंने पहले दो बार देखा था लेकिन एक दूरी से ।बेस कैंप पहुंचने पर दूसरे दिन मैंने एवरेस्ट पर्वत तथा इसकी अन्य श्रेणियां को देखा। मैं भौचक्की होकर खड़ी रह गई और एवरेस्ट लोहत से और नीचे की ऊंचाइयों से गिरी बर्फीली टेढ़ी-मेढ़ी नदी को निहारती रही । हिमपात अपने आप में एक तरह से बर्फ के खंडों का अव्यवस्थित ढंग से गिरना ही था। हमें बताया गया कि ग्लेशियर के बहने से अक्सर बर्फ में हलचल हो जाती थी ।जिससे बड़ी-बड़ी बर्फ की चट्टानें तत्काल गिर जाया करती थी और अन्य कारणों से भी अचानक प्राय खतरनाक स्थिति धारण कर लेती थी। सीधे धरातल पर दरार पड़ने का विचार और इस दरार का गहरे चौड़े हिमविदर में बदल जाने का मात्र ख्याल ही बहुत डरावना था ।इससे भी ज्यादा भयानक इस बात की जानकारी थी कि हमारे संपूर्ण प्रवास के दौरान हिमपात लगभग एक दर्जन आरोहियों और कुलियों को प्रतिदिन छूता रहेगा। दूसरे दिन नए आने वाले अपने अधिकांश सामान को हम हिमपात के रास्ते आधे रास्ते तक ले गए।डॉक्टर मीनू मेहता ने हमें अल्युमिनियम की सीढ़िया से अस्थाई फूलों का बनाना ,लठ्ठों और रस्सियों का उपयोग बर्फ की आड़ी तिरछी दीवारों पर रस्सियों को बांधना और हमारे अग्रिम दल के अभियंत्रिक कार्यों के बारे में हमें विस्तृत जानकारी दी।

प्रश्न 1 बेस कैंप पहुंचने से पहले लेखिका को कौन सी बुरी खबर मिली ?

क रसोई सहायक की मृत्यु　　　ख नेता की मृत्यु

ग उपनेता की मृत्यु　　　घ शेरपा की मृत्यु

2 लेखिका के रसोई सहायक की मृत्यु कैसे हुई?

क दुर्घटना से　　　ख पोलर बियर के हमले से

ग प्रतिकूल जलवायु से घ फूड प्वाइजनिंग से

3 बेस कैंप पहुंचने से पहले लेखिका ने एवरेस्ट को कितनी बार देखा था?

क तीन बार ख दो बार

ग चार बार घ पांच बार

4 लेखिका के अग्रिम दल के अभियंत्रिक कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी किसने दी ?

क कर्नल खुल्लर ख कर्नल सोनाराम

ग डॉक्टर मीनू मेहता घ उपनेता प्रेमचंद

5 कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए

कथन :हमें बताया गया कि ग्लेशियर के बहने से अक्सर बर्फ में हलचल हो जाती थी ।

कारण : जिससे बड़ी-बड़ी बर्फ की चट्टानें तत्काल गिर जाया करती थी।

क कथन और कारण दोनों सही है । ख कथन सही है और कारण गलत है।

ग करण गलत है कथन सही है। घ कथन और कारण दोनों गलत है।

10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए। 6

1 कौन सा आघात अप्रत्याशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा?

2 लेखक ने बुढ़िया के दुख का अंदाजा कैसे लगाया?

3 दुख का अधिकार कहानी में समाज की किन कुरीतियों को उजागर किया गया है ?

4 लेखिका के तंबू पर गिरे बर्फ के पिंड से किस तरह नुकसान पहुंचा?

11 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए । 5

अग्निपथ, अग्निपथ ,अग्निपथ
वृक्ष हो भले खड़े ,हो घने हो बड़े ,
एक पत्र छाह भी मांग मत, मांग मत ,मांग मत ।
अग्निपथ ,अग्निपथ ,अग्निपथ
तू न थकेगा कभी, तू ना थमेगा कभी, तूने मुड़ेगा कभी
कर शपथ ,कर शपथ ,कर शपथ ।
अग्निपथ ,अग्निपथ, अग्निपथ ।
यह महान दृश्य है, चल रहा मनुष्य है।
अश्रु,श्वेद ,रक्त से लथपथ लथपथ लथपथ।
अग्निपथ, अग्निपथ, अग्निपथ।

1 कवि के अनुसार मनुष्य की असली परीक्षा कब होती है ?

क जीवन के आरंभिक चरण में

ख जीवन के अंत में

ग जीवन के कठिन समय में

ग जीवन में परीक्षा भवन में

2 कवि के अनुसार मनुष्य के कठिन समय में यदि कोई मदद का हाथ बढ़ाता है तो उसे क्या करना चाहिए?

क उसका हाथ थाम लेना चाहिए ।

ख कठिन समय में मदद ले लेनी चाहिए।

ग कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करनी चाहिए ।

घ कठिन समय में किसी की मदद नहीं लेनी चाहिए ।

3 कविता के अनुसार कठिन रास्ते पर चलने का निर्णय लेने वाले मनुष्य को क्या प्रतिज्ञा करनी चाहिए?

क वह कभी थमेगा नहीं

ख वह कभी रुकेगा नहीं

ग वह कभी पीछे मुड़कर देखेगा नहीं

घ इसमें में से कोई नहीं

1)केवल क सही है।

2) ख और घ सही है।

3 )क और  ग सही है।

4) क, ख और ग सही है ।

4 कवि दूसरों से सहायता लेने से मना क्यों करता है?

क ऐसा करने से हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचेगी

ख ऐसा करने से हमारे संघर्ष शक्ति कम होगी

ग ऐसा करने से हम दुविधाग्रस्त हो जाएंगे

घ ऐसा करने से हमारी प्रगति रुक जाएगी

5 कथन तथा कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।

कथन A जीवन पथ पर चल रहे लोगों से कवि कहता है ,एक पत्र अच्छा भी मांग मत

कारण  R इससे सभी का स्वाभिमान बना रहेगा और वह पराश्रित नहीं बनेगा।

क कथन A सही नहीं है लेकिन कारण R सही है।

ख कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है ।

ग कथन A और कारण R दोनों सही है ।

घ कथन A और कारण R दोनों गलत है।

12 निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए (कोई 3) 6

1 चित्रकूट की क्या महिमा बताई गई है।

2 पंक जल और समुद्र के जल में क्या अंतर है

3 रविदास के स्वामी क्या-क्या कार्य करते हैं तथा उन्होंने किन लोगों का उद्धार किया है?

4 चकोर पक्षी का उदाहरण कवि ने किस संदर्भ में दिया है?

13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए । 8

1 लेखक चिट्ठियों के बारे में घर जाकर झूठ भी बोल सकता था, पर उसने ऐसा नहीं किया। इसके आलोक में लेखक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताइए कि आप लेखक के चरित्र से किन-किन विशेषताओं को अपनाना चाहेंगे ।

2 गिल्लू एक संवेदनशील प्राणी है कैसे स्पष्ट कीजिए।

3 व्यक्ति के जीवन में साहस का क्या महत्व है ।स्मृति पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

( खंड घ रचनात्मक लेखन)

14 निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। 5

1 विपत्ति कसौटी जे कसे तेहि सांचे मीत

संकेत बिंदु

- सच्चे मित्र की आवश्यकता क्यों
- सच्चे मित्र के गुण
- मित्र चयन में सावधानियां
- सच्चे मित्र कौन

2 प्राकृतिक आपदाएं

संकेत बिंदु

- प्राकृतिक आपदा के कारण
- पर्यावरण संतुलन
- पानी की अनदेखी करना
- आपदाओं का बढ़ना

3 विद्यार्थी जीवन और समय नियोजन

संकेत बिंदु

- समय की पहचान
- समय प्रबंधन
- आलस्य का त्याग।

15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । 5

1 आप लंबी दौड़ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम आए हैं ।राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आपको मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत किया जाना है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने दादाजी को पत्र लिखिए।

अथवा

2 भविष्य में दसवीं के बाद आप क्या करना चाहते हैं। इससे अवगत कराते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए ।

16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लेखन कीजिए । 5

1 वनों की अंधा धुंध कटाई पर चिंता प्रकट करते हुए दो मित्रों के मध्य हुए संवाद को लिखिए ।

अथवा

2 पुत्र अपने जन्मदिन पर उपहार स्वरूप मोबाइल फोन चाहता है इस संबंध में पिता पुत्र के मध्य संवाद लिखिए ।

17 निम्नलिखित चित्र को देखकर 25 से 30 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए। 5



=============== सफलता के लिए शुभकामनाएँ =================